फा.सं.डी-21021/2013-एनएमआरएफ
भारत सरकार
पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय
राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र
(रा.म.अ.मौ.पू.के.)

ए-50, सेक्टर 62, संस्थानिक क्षेत्र
नोएडा, उत्तर प्रदेश
दिनांक: 11 /09/2018

कार्यालय ज्ञापन

विषय: हिंदी पखवाड़ा -2018 मनाने के संबंध में ।

राजभाषा हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए कार्यालय में 14 सितंबर, 2018 से 28 सितंबर, 2018 तक हिंदी पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस दौरान निम्नलिखित प्रतियोगिताएं आयोजित कराई जाएगी :-

| क्रम सं. | प्रतियोगिता | विषय | दिनांक | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उदघाटन समारोह | | 14/09/2018 | 3 बजे सांय: |
| 2. | वाद-विवाद प्रतियोगिता (हिंदी भाषी)<br>वाद-विवाद प्रतियोगिता (अहिंदी भाषी) | 1. सोशल नेटवर्किंग साइट का जनमानस पर प्रभाव-अच्छे या बुरे।<br>2. मौसम पूर्वानुमान के क्षेत्र में निजीकरण होना चाहिए या नहीं। | 17/09/2018 | 11 बजे प्रात: |
| 3. | हिंदी टिप्पण व प्रारूप लेखन प्रतियोगिता | प्रतियोगिता के दौरान ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा। | 18/09/2018 | 11 बजे प्रात: |
| 4. | हिंदी सुलेख प्रतियोगिता (एम.टी.एस.) | प्रतियोगिता के दौरान ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा। | 19/09/2018 या 20/09/2018 | 11 बजे प्रात: |
| 5. | हिंदी निबंध प्रतियोगिता (हिंदी भाषी)<br>हिंदी निबंध प्रतियोगिता (अहिंदी भाषी) | 1. इंटरनेट और सामाजिक जीवन।<br>2. वायु प्रदूषण और पर्यावरण का अस्त-एक चुनौती<br>3. दिन-प्रतिदिन बढ़ती प्राकृतिक आपदाएं।<br>किसी एक विषय पर निबंध लिखना होगा | 20/09/2018 या 19/09/2018 | 11 बजे प्रात: |
| 6. | कविता पाठ | स्वरचित/प्रसिद्ध कवियों द्वारा रचित कविता | 24/09/2018 | 11 बजे प्रात: |
| 7. | अनुवाद प्रतियोगिता (हिंदी भाषी)<br>अनुवाद प्रतियोगिता (अहिंदी भाषी) | प्रतियोगिता के दौरान ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा। | 25/09/2018 | 11 बजे प्रात: |
| 8. | प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता | प्रतियोगिता के दौरान ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा। | 26/09/2018 | 11 बजे प्रात: |
| 9. | हिन्दी टाइपिंग | प्रतियोगिता के दौरान ही प्रश्न पत्र दिया जाएगा। | 26/09/2018 | 03 बजे सांय |
| 10. | पुरूस्कार वितरण व समापन समारोह | | 28/09/2018 | 02 बजे सायं |

3. पखवाड़े के दौरान आयोजित की जाने वाली सभी प्रतियोगिताओं के लिए प्रथम, द्वितीय, तृतीय और दो प्रोत्साहन पुरूस्कार दिए जाएंगें। इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं सांतवना पुरूस्कारों की राशि क्रमश: रु. 2,000, रु.1500, रु.1000 एवं रु.500-500 (दो पुरूस्कार) की होगी। प्रमुख महोदय की ओर से विजेताओं को प्रमाण –पत्र भी दिए जाएगें।

हिंदी पखवाड़ा -2018 के दौरान निम्नलिखित निर्णायक मंडल/समन्वयक/ समिति बनाई गई ।

| क्रम सं. | प्रतियोगिता का नाम | निर्णायक मंडल/ समन्वयक |
|---|---|---|
| 1. | वाद-विवाद प्रतियोगिता (हिंदी भाषी)<br>वाद-विवाद प्रतियोगिता (अहिंदी भाषी) | 1. डॉ.राघवेन्द्र आश्रित<br>2. डॉ. अदिति<br>3. श्री मोहन बीर सिंह |
| 2. | हिंदी टिप्पण व प्रारूप लेखन प्रतियोगिता | 1. डॉ. ए.के.मित्रा<br>2. डॉ.अनुमेहा दुबे<br>3. श्री विवेक सिंह |

| | | |
|---|---|---|
| 3 | हिंदी सुलेख प्रतियोगिता (एम.टी.एम.) | 1. श्रीमती गीता गुलाटी<br>2. श्रीमती हेमा रावत<br>3. श्री संदीप महारिया |
| 4. | हिंदी निबंध प्रतियोगिता (हिंदी भाषी)<br>हिंदी निबंध प्रतियोगिता (अहिंदी भाषी) | 1. डॉ. अनिता गेरा<br>2. डॉ.अनुमेहा दुबे<br>3. श्री मोहन बीर सिंह |
| 5. | कविता पाठ प्रतियोगित | 1. डॉ.एस.सी.कर<br>2. डॉ. अभिजीत सरकार<br>3. श्री बसंत शर्मा |
| 6 | अनुवाद प्रतियोगिता *<br>हिंदी भाषी व अहिंदी भाषी प्रतिभागी के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। | 1. डॉ इन्दिरा रानी<br>2. डॉ देवाशीष कुमार महापात्रा<br>3. श्री सोहनबीर सिंह |
| 7. | प्रश्नावली प्रतियोगिता (प्रश्नमंच) | 1. डॉ.मुनमुन दास गुप्ता<br>2. डॉ राघवेन्द्र आश्रित<br>3. श्री एच.एल.मीणा |
| 8. | हिन्दी टाइपिंग प्रतियोगिता | 1. डॉ.देवाशीष कुमार महापात्रा<br>2. श्रीमती गीता गुलाटी<br>3. श्री बसंत शर्मा |

नोट:- हिंदी निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता तथा अनुवाद प्रतियोगिता अहिंदी भाषी अधिकारियों/कर्मचारियों के लिए अलग मे आयोजित कराई जाएंगी।

14 सितंबर से 28 सितंबर 2018 तक पखवाड़ा मनाए जाने के पश्चात समापन-समारोह आयोजित किया जाएगा। समापन ममारोह में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे तथा विजेता प्रतिभागियों द्वारा जीते गए पुरूस्कारों की राशि का भुगतान उनके अकाउंट में आरटीजीएस द्वारा किया जाएगा।। समारोह एवं प्रतियोगिताओं की तिथि व समय में वरिष्ठ अधिकारियों की सुविधानुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियो से अनुरोध है वे अपना नामांकन संलग्न प्रपत्र में भरकर 13 सितंबर, 2018 तक **श्री सोहन बीर सिंह, हिंदी प्रभारी** अथवा **श्री अनिल कुमार, कनिष्ठ सहायक, कमरा नं. ए-106** को भेज दें। प्रतियोगिता सामान्यत: मुख्य सम्मेलन कक्ष में आयोजित की जाएगी।

सभी अधिकारियों/कर्मचारियों से अनुरोध है कि कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लें।

यह ज्ञापन प्रमुख महोदय की सहमति से जारी किया जा रहा है।

(एच.एल.मीणा)
उपसचिव (प्रशा.) भारत सरकार

प्रतिलिपि सूचनार्थ:

1. प्रमुख, राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र, के निजी सहायक।
2. सभी निर्णायक मण्डल समिति (आवश्यक कार्रवाही हेतु)
3. राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र के सभी अधिकारियों/कर्मचारियों को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु। (ई-मेल/सूचना पट्ट/वेबसाइट के माध्यम से)
4. निदेशक (रा.भा), पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, लोदी रोड नई दिल्ली (सूचनार्थ हेतु)
5. उपनिदेशक(कार्यान्वयन), राजभाषा विभाग, 302 के.स.का. भवन, कमला नेहरू नगर, गाजियाबाद (उ.प्र.) (सूचनार्थ हेतु)
6. सचिव, राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, एनडीसीसी-II भवन, 'ए' विंग, तीसरा तल, जय सिंह रोड, नई दिल्ली - 110001(सूचनार्थ हेतु)

# नियम व शर्तें

1. प्रत्येक प्रतियोगिता न्यूनतम पांच प्रतिभागियों के उपलब्ध होने पर ही आयोजित की जायेगी।
2. प्रत्येक प्रतिभागी को अधिकतम दो पुरूस्कार दिए जाएंगे **(प्रश्नोतरी प्रतियोगिता को छोड़कर)**। दो से ज्यादा पुरूस्कार जीतने की अवस्था में पुरूस्कार अगले विजेता को दिया जायेगा।
3. निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम होगा।
4. वाद-विवाद, निबंध, अनुवाद प्रतियोगिताओं में सम्मिलित होने वाले हिन्दी भाषी और हिन्दीतर भाषी प्रतियोगियों के लिए अलग-अलग प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। इन प्रतियोगिता में हिन्दी भाषी और हिन्दीतर भाषियों के लिए अलग-अलग पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।
5. निबंध प्रतियोगिता में दिए गए विषय पर हिंदी भाषा में निबंध लिखना होगा।
6. हिन्दी टंकण प्रतियोगिता केवल कंप्यूटर पर ली जाएगी, जिसके लिए 15 मिनिट का समय दिया जाएगा।
7. सुलेख प्रतियोगिता में केवल चतुर्थ श्रेणी (एमटीएस) कर्मचारी ही भाग ले सकते हैं।
8. कविता पाठ प्रतियोगिता में स्वरचित /प्रसिद्ध कवि द्वारा लिखित कविता सम्मिलित की जाएगी (स्वरचित कविता पाठ को प्राथमिकता दी जाएगी)।
9. उपरोक्त प्रतियोगिताओं में राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केंद्र के सभी स्तर के स्थाई अधिकारी/कर्मचारी, प्रोजेक्ट स्टाफ तथा आउटसोर्स कर्मचारी भाग ले सकते है।
10. विस्तृत जानकारी के लिए **हिन्दी अनुभाग रा.म.अ.मौ.पू.के.** से सम्पर्क करें।

(एच.एल.मीणा)

उप सचिव , भारत सरकार

भारत सरकार

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय

राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केन्द्र

हिन्दी पखवाड़ा- 14 से 28 सितम्बर, 2018

1. प्रतियोगी का नाम (साफ अक्षरों में) ..........................................................................................

2. पदनाम ..........................................................................................

3. प्रभाग/अनुभाग ..........................................................................................

4. आपका किस स्तर तक हिन्दी का ज्ञान है ? ..........................................................................................

5. आपने 12वीं कक्षा तक की शिक्षा किस राज्य से प्राप्त की ? ..........................................................................................

6. आप किस राज्य/ संघ शासित क्षेत्र से है ? ..........................................................................................

7. टेलीफोन एक्सटेंशन नम्बर ..........................................................................................

8. जिन प्रतियोगिताओं में आप भाग लेना चाहते हैं कृपया उनके सामने ( ✓ ) का निशान लगाएं

| | | |
|---|---|---|
| i. | कविता पाठ प्रतियोगिता | ( ) |
| ii. | हिन्दी टिप्पण और आलेखन प्रतियोगिता | ( ) |
| iii. | हिन्दी अनुवाद प्रतियोगिता | ( ) |
| iv. | हिन्दी निबंध प्रतियोगिता | ( ) |
| v. | हिन्दी टंकण प्रतियोगिता | ( ) |
| vi. | हिन्दी श्रुतलेख प्रतियोगिता (केवल चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए) | ( ) |
| vii. | हिन्दी वाद-विवाद प्रतियोगिता | ( ) |
| viii. | प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता | ( ) |

मैं घोषणा करता/ करती हूं कि मेरे द्वारा की गई उपर्युक्त सूचना सही है।

आवेदक के हस्ताक्षर

तारीख.........................

नोट: 1. हिन्दी अनुभाग (राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केन्द्र) को प्रविष्टि भेजने की अंतिम तारीख 13 सितंबर 2018 है। निर्णायक मंडल की अनुमति से संबंधित प्रतियोगिता शुरू होने से पहले भी प्रविष्टि को स्वीकार करने पर विचार किया जा सकता है।

**सरकारी कामकाज में हिन्दी के प्रयोग को बढ़ावा देने संबंधी उत्कृष्ट विचार/सुझाव**